SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS:- B.A. Part I[st] (Hons.), PAPER: II[nd], UNIT: IV[th]

TOPIC: JAPAN - INDUSTRIAL REGIONS

BY:- Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geography
D.B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga.

LECTURE No.- 33 (Email:- sanjaykumar.phd@gmail.com)

जापान के अधिकांश उद्योग-धन्धे जापान की औद्योगिक प्रदेश में फैले हुए हैं। यह औद्योगिक प्रदेश क्यूशू द्वीप के नागासाकी नगर से लेकर टोकियो नगर तक जापान के दक्षिणी-पूर्वी तट के सहारे-सहारे फैली हुई है। इस प्रदेश की लम्बाई 960 k.m. है। इस प्रदेश में जापान के 93 % उद्योग-धन्धे विस्तृत हैं। यह प्रदेश जापान की सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहाँ जापान के कुल औद्योगिक मजदूरों का 64% भाग विभिन्न उद्योग-धन्धों में लगा हुआ है। इस औद्योगिक प्रदेश की बड़ी विशेषता यह है कि इसके अन्दर जापान के सभी बड़े-बड़े विकसित एवं महत्वपूर्ण नगर स्थित है। सामुद्रिक स्थिति होने के कारण यहाँ अनेक बन्दरगाह बने हुए हैं जहाँ से विदेशों से कच्चा माल आयात करने तथा विदेशों को तैयार माल निर्यात करने की सुविधाएँ हैं। इस प्रदेश में परिवहन के विभिन्न साधनों का जाल बिछा है। इस प्रदेश के दक्षिणी भागों में कोयला के क्षेत्र भी स्थित हैं तथा यहाँ जलविद्युत का विकास भी अधिक हुआ है। इससे सस्ती विद्युत शक्ति मिल जाती है। जापान के प्रमुख औद्योगिक केन्द्र भी इसी प्रदेश में स्थित हैं। इस प्रदेश में जापान के प्रमुख उद्योग-धन्धे — सूती वस्त्र, रेशम वस्त्र, ऊनी वस्त्र, लोहा एवं इस्पात, जलयान, रासायनिक पदार्थ, कागज, सीमेण्ट, खिलौना तथा काँच का सामान, इत्यादि विकसित हो गये हैं।

Scanned with CamScanner

⇒ इस औद्योगिक प्रदेश में चार प्रमुख केन्द्र हैं जो जापान के प्रसिद्ध औद्योगिक प्रदेश में गिना जाता है:-

1. टोकियो - याकोहामा प्रदेश,
2. कोबे - ओसाका प्रदेश,
3. नागोया प्रदेश,
4. नागासाकी - मौजी प्रदेश ।

(1) टोकियो - याकोहामा प्रदेश -

इस प्रदेश से जापान के कुल औद्योगिक उत्पादन का 30% भाग उत्पन्न होता है। यह प्रदेश जापान के पूर्वी तट पर सागामी खाड़ी के आस-पास स्थित है। जापान के प्रसिद्ध क्वाण्टो मैदान में स्थित इस प्रदेश को सस्ते मजदूर, कच्चा माल एवं परिवहन के सस्ते साधनों की सुविधा है। क्वाण्टो का मैदान रेशम उत्पादन में जापान का सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र है अतएव इस प्रदेश में रेशमी धागा एवं रेशमी वस्त्र उद्योग बहुत विकास कर लिया गया है। जापान के कुल रेशमी वस्त्र उत्पादन का 57% भाग इस प्रदेश में तैयार किया जाता है। विद्युत उपकरण निर्माण व्यवसाय भी यहाँ अधिक विकसित हो गया है। अन्य प्रमुख उद्योग-धन्धों में सूती वस्त्र, नकली रेशम, मशीन, चमड़ा, खिलौना, रासायनिक पदार्थ, रबड़, घड़ियाँ, कागज उद्योग महत्वपूर्ण है।

टोकियो इस प्रदेश का मुख्य औद्योगिक केन्द्र है। याकोहामा इस प्रदेश का मुख्य औद्योगिक केन्द्र है तथा वहाँ से इस प्रदेश का अधिकांश आयात तथा निर्यात होता है। अन्य औद्योगिक केन्द्रों में आहिटो, शिमाशु, ओदावारा, मिमाटे, चोशी, कटसुरा, आदि हैं।

> NOTE:- औद्योगिक प्रदेश 2, 3, 4 की व्याख्या, Lecture no. 34 में देखें।

Scanned with CamScanner